आकाशवाणी शिमला
14.11.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18.00बजे

बाल दिवस

देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती आज बाल दिवस के रूप में मनाई गई। इस मौके पर प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किये गए। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बाल दिवस के अवसर पर शिमला के रिज मैदान में चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट स्पोटर्स एंड कल्चरल मीट–2025 का शुभारम्भ किया। 16 नवम्बर तक चलने वाले इस कार्यक्रम में प्रदेश के 29 बाल–बालिका सुखाश्रय आश्रम के लगभग 6 सौ विद्यार्थी हिस्सा ले रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाल दिवस देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पावन स्मृति को समर्पित है। उन्होंने कहा कि अनाथ और बेसहारा बच्चों व महिलाओं के लिए कानून के तहत योजना बनाने वाला हिमाचल प्रदेश देश का पहला राज्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने 6 हजार अनाथ और बेसहारा बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट के रूप में अपनाया है।

मुख्यमंत्री ने इस खेल व सांस्कृतिक महोत्सव के लिए पुलिस और सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग की सराहना की। इस दौरान उन्होंने बच्चों को लैपटॉप, स्कूल बैग भी भेंट किए। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

बिहार–भाजपा जीत

बिहार विधानसभा चुनाव परिणामों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन एन.डी.ए. की जबरदस्त जीत हुई है। एन.डी.ए. की प्रचंड जीत के बाद भाजपा ने शिमला में जश्न मनाया जिसमें नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर सहित पार्टी के अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे। इस अवसर पर जयराम ठाकुर ने इस जीत के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को बधाई देते हुए कहा कि ये एक एतिहासिक जीत है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा कि बिहार में एन.डी.ए. की प्रचंड जीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों और समाज कल्याण के प्रति उनकी भावना की जीत है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता ने हिमाचल प्रदेश की झूठी गारंटियों के मॉडल को पूरी तरह धराशायी किया है। इस बीच भाजपा विधायक त्रिलोक जम्वाल ने भी बिहार विधानसभा चुनाव में हुई जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा को दिया। सोलन में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि ये जीत प्रधानमंत्री की दूरदर्शी नीतियों व योजनाओं की जीत है।

जगत नेगी

राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने कृषि और बागवानी में रसायनों के न्यूनतम उपयोग पर बल देते हुए कहा कि ये किसानों और मधुमक्खी पालन के लिए बेहद आवश्यक है। वे आज किन्नौर जिला के रिकांगपिओ में दो दिवसीय जिला स्तरीय मधुमक्खी पालन संगोष्ठी के शुभारम्भ अवसर पर बोल रहे थे। जगत सिंह नेगी ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण फल उत्पादन वर्तमान समय की मांग है और बेहतर गुणवत्ता वाले फल किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बागवानी मंत्री ने कहा कि वैश्विक प्रतिस्पर्धा के युग में बागवानों को नवीनतम सेब की किस्में व गुणवत्ता से जुड़ना आवश्यक है ताकि उन्हें सेब की फसल के अधिक दाम मिल सकें। जगत सिंह नेगी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा शहद उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है जिससे बागवानों विशेषकर ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक मजबूत हो रही है।

रोहित–धर्माणी

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज शिमला जिले के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जुब्बल में करीब 10 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित शहरी आजीविका केन्द्र के भवन का उदघाटन किया। इस अवसर पर राजेश धर्माणी ने कहा कि इस भवन से आई.टी.आई. जुब्बल में शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा और संस्थान के कार्यों में और अधिक दक्षता आएगी। इस दौरान शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार के तीन वर्ष के कार्यकाल में प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में आशातीत प्रगति हुई है।

———————————